प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का शैक्षणिक संस्थान में चयन

पंतनगर। 18 मई 2023। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन इसी क्रम में आकाश बायजूस, भारत का प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है जो मेडिकल और इंजीनियरिगं प्रवेश परीक्षाओं स्कूल/बोर्ड परीक्षाओं, एनटीएसई, ओलंपियाड और अन्य नींव स्तर की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को व्यापक परीक्षा तैयारी एवं सेवाएं प्रदान करता है और इस कार्य को आगे बढानें के लिए विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में साक्षात्कार के आधार पर सुवंश कुमार सिंह, दीपक शर्मा (बी.टेक एग्री इन्जीनियर) एवं श्रुति सिंह (बी. टेक ईई) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग पैकेज 7.25 से 9.00 लाख प्रतिवर्ष देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासो की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थी को शुभकामनाएं दी। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. दीपा विनय ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।




*चयनित विद्यार्थियों के साथ अधिकारी।*